दैनिक जागरण
बरेली, सोमवार
31 अक्टूबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

PAGE NO : 6 MIDDLE

दिव्यांश व सुहानी ने लहराया परचम

69वीं यूपी स्टेट टीटी चैंपियनशिप : एडीजी राजकुमार और देवमूर्ति ने बांटे पुरस्कार

जासं, बरेली: 69वीं यूपी स्टेट टीटी चैंपियनशिप में लखनऊ के दिव्यांश और गाजियाबाद की सुहानी विजेता बनीं। श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में आयोजित चैंपियनशिप के समापन पर रविवार को एडीजी राजकुमार और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन में बरेली टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को 11-8, 11-13, 8-11, 13-11, 11-7 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में दिव्यांश ने गाजियाबाद के सार्थक सेठ को और सार्थ मिश्रा ने गाजियाबाद के कनव कौशिक को हराकर फाइनल में प्रवेश में किया था। महिला वर्ग में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही दिशा को 11-8, 11-7, 11-6 से मात दी। सेमीफाइनल मुकाबले में दिशा ने लखनऊ की गुनगुन साहू को और सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की आरती चौधरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शाट लगाते खिलाड़ी● सौ. एसोसिएशन

अंडर-19 पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गौतमबुद्ध नगर के अक्षत त्यागी को 11-6, 11-7, 9-11, 12-10 से हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की आरती चौधरी को 11-7, 11-2, 12-10 से हराया। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने गाजियाबाद के अरनिस बाना को 9-11, 11-7, 11-5, 11-7 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को 11-5, 11-4, 11-4 से हराया। सब जूनियर अंडर-15 बालिका वर्ग के फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की अवनी त्रिपाठी को हराया। सब जूनियर अंडर-15 बालक वर्ग में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने लखनऊ के वीर वाल्मीकि को मात दी। फाइनल मुकाबले में अंडर-13 कैडेट ब्याज में लखनऊ के वीर वाल्मीकि ने प्रयागराज के आर्यन कुमार को हराया। अंडर-13 कैडेट गर्ल्स में वाराणसी की अनोखी केसरी ने गाजियाबाद की कनिष्का को हराया। होप्स ब्याज अंडर -11 के फाइनल में लखनऊ के वीर वाल्मीकि ने लखनऊ के देव त्रिपाठी को हराया। होप्स गर्ल्स अंडर-11 वर्ग के फाइनल मुकाबले में गोरखपुर की साक्षी तिवारी ने आगरा की अंकिशा मिश्रा को हराया।

एडीजी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीत-हार को सहर्ष स्वीकार कर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। देवमूर्ति ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराने का आश्वासन देते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। रेफरी सहित कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी लोगों को स्मृति चिह्न दिए गए। जिला टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डा. दीपेंद्र कमथान, टूर्नामेंट के निदेशक एनके लहरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी आकाश यादव, आल इंडिया टीटी जूनियर टीम के चयनकर्ता पराग अग्रवाल, टूर्नामेंट के संयोजक डा. सोवन मोहंती, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, नर्सिंग कालेज की प्रिंसिपल डा. रिंटू चतुर्वेदी, डा. अनुज कुमार, डा. रुचि शाह आदि रहीं।

इतना मिला पुरस्कार

सभी कैटेगिरी के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से 50 हजार रुपये, यूपी टीटी एसोशिएशन की ओर से 30 हजार, स्टेग इंटरनेशनल मेरठ की ओर से 20 हजार रुपये प्रदान किए गए। उभरते खिलाड़ियों को निहाल सिंह मेमोरियल और विवेक प्रसाद मेमोरियल की ओर से पांच-पांच हजार रुपये दिए गए।